卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 98 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦13 जनवरी 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# एसआईटी करेगी सुखवंत सुसाइड केस की जांच


## महिला आईपीएस निहारिका तोमर के नेतृत्व में एसआईटी का गठन

रूद्रपुर/काशीपुर(उद संवाददाता)। झकझोर देने वाले बहुचर्चित सुखवंत सिंह



आत्महत्या प्रकरण में अब इंसाफ की उम्मीदें तेज हो गई हैं। काशीपुर के ग्राम पैंगा निवासी किसान सुखवंत सिंह द्वारा हल्द्वानी के एक होटल में खुदकुशी किए जाने के मामले को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कड़े रुख और जनता के आक्रोश के बीच ऊधमसिंह नगर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने इस मामले की परतें खोलने के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया है। बीते शनिवार की उस काली रात ने तराई के एक किसान के संघर्ष को थका दिया था। हल्द्वानी के गौलापार स्थित एक होटल के कमरे में जब गोली चलने की आवाज आई, तो वह सिर्फ एक मौत नहीं बल्कि तंत्र की विफलता का शोर था। सुखवंत सिंह ने ट्रिगर दबाने से पहले एक वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया, जो अब इस केस का सबसे बड़ा साक्ष्य है। इस वीडियो में उन्होंने सिसकते हुए बताया कि कैसे कुछ भू माफियाओं ने उनसे 4 करोड़ रुपये की ठगी की और जब वह इसकी शिकायत लेकर पुलिस के पास गए, तो वहां मदद के बदले भ्रष्टाचार का खेल मिला। उन्होंने स्पष्ट रूप से पुलिस पर कार्रवाई न करने और आरोपियों को (शेष पृष्ठ सात पर)

### सीएम ने मृतक के परिजनों से की वार्ता



काशीपुर । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने काशीपुर के बहुचर्चित सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए मृतक किसान के शोक संतप्त परिजनों से फोन पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया और आश्वस्त किया कि दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। (शेष पृष्ठ सात पर)

### कांग्रेस नेताओं ने एसएसपी पर साधा निशाना

काशीपुर। किसान सुखवंत सिंह की मौत के मामले में आज कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं खटीमा के विधायक भुवन कापड़ी ग्राम पैगा स्थित मृतक के आवास पर पहुंचे। कांग्रेस नेताओं ने मृतक परिजनों को सांत्वना देने के बाद उधम सिंह नगर एसएसपी पर जमकर निशाना साधा। निर्धारित समय से लगभग डेढ़ घंटे बाद मृतक सुखवंत सिंह के आवास पर



पैगा पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। मृतक परिजनों से इस बारे में कंप्लीट जानकारी लेने के बाद कांग्रेस नेताओं ने उन्हें आश्वस्त कराया कि हर हाल में मृतक परिवार को न्याय(शेष पृष्ठ सात पर)

## बागेश्वर में भूकंप के झटके दहशत में घरों से निकले लोग

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जनपद में मंगलवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में दहशत फैल गई। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। झटके महसूस होते ही लोग सुरक्षा की दृष्टि से अपने घरों और कार्यालयों से बाहर खुले मैदान की ओर दौड़ पड़े।भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, इस भूकंप का केंद्र बागेश्वर क्षेत्र में 29.93 डिग्री उत्तरी अक्षांश एवं 80.07 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीन के भीतर 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। सुबह के समय आए इन झटकों ने लोगों को कुछ देर के लिए सतर्क कर दिया। राहत की बात यह रही कि जिले की किसी भी तहसील से जान-माल के नुकसान की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल ने बताया कि जिला प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, लेकिन सतर्क रहें और किसी भी आपातकालीन स्थिति की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। गौरतलब है कि इससे पूर्व 10 दिसंबर को सीमावर्ती जनपद(शेष पृष्ठ सात पर)

## ओवरटेक के प्रयास में दो युवकों की दर्दनाक मौत

### अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई बाइक

हरिद्वार। कनखल थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोमवार देर शाम हुए एक भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए। ज्वालापुर से ऋषिकेश की ओर लौट रहे बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें दोनों की जान चली गई। हादसा ऋषिकुल क्षेत्र के पास हाईवे पर स्थित सहगल पेट्रोल पंप के समीप हुआ, जब बाइक सवार युवक एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहे थे। प्राप्त विवरण के अनुसार, ऋषिकेश



के शीशमझाड़ी निवासी भीम यादव पुत्र धर्मवीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत, दो गंभीर

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर-हल्द्वानी मार्ग पर ग्राम गैबुआ के समीप सोमवार शाम कार और बाइक के बीच हुई भीषण भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कनोरी, बाजपुर (ऊधम सिंह नगर) निवासी राकेश, सचिन और सनी एक ही बाइक पर सवार होकर रामनगर से अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गैबुआ के पास उनकी बाइक सामने से आ रही एक कार से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर गिरकर बुरी तरह लहूलुहान हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों (शेष पृष्ठ सात पर)

## मामूली बात पर युवक को गोली मारी,गंभीर

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टुकड़ी में सोमवार रात मामूली विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। फोन पर हुई कहासुनी के बाद एक युवक ने दूसरे को अपने घर आने की चुनौती दी और जैसे ही वह घर पहुंचा, उस पर बंदूक से सीधा फायर झोंक दिया। गोली युवक के सीने में लगी है, जिसे गंभीर हालत में हल्द्वानी रेफर किया गया है। फोन पर विवाद और घर बुलाकर ललकारना मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार रात करीब 9 बजे ग्राम टुकड़ी निवासी मेजर सिंह (22 वर्ष) पुत्र निरंजन सिंह और इसी गांव के मंगत सिंह पुत्र बलबीर सिंह



के बीच किसी बात को लेकर फोन पर तीखी नोक-झोंक हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि मंगत सिंह ने तैश में आकर मेजर सिंह को अपने घर आने के लिए ललकारा। घात लगाकर किया हमला मंगत सिंह की चुनौती को स्वीकार कर मेजर सिंह बिना कुछ सोचे-समझे उसके घर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि आरोपी मंगत सिंह पहले से ही हथियार लेकर घात लगाए बैठा था। जैसे ही मेजर सिंह उसके घर के सामने पहुंचा, मंगत ने अपनी बंदूक से उस पर फायर कर दिया। गोली मेजर सिंह के सीने में जा धंसी, जिससे वह वहीं गिरकर तड़पने लगा।गांव में हड़कंप, अस्पताल में मची अफरा-तफरी रात के सन्नाटे में गोली (शेष पृष्ठ सात पर)

## गौला पार्किंग में शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गौला बाईपास रोड स्थित गौला पार्किंग में मंगलवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने की सूचना के बाद स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह जब स्थानीय लोगों ने पार्किंग क्षेत्र में एक व्यक्ति को बेसुध पड़ा देखा, तो तुरंत इसकी सूचना कोतवाली बनभूलपुरा पुलिस को दी। सूचना मिलते



ही कोतवाली प्रभारी दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल मोहम्मद यासीन और कांस्टेबल लक्ष्मण की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मृतक की शिनाख्त के लिए आसपास के क्षेत्रों और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल मामला संदिग्ध लग रहा है, इसलिए पुलिस हत्या और आत्महत्या सहित सभी संभावित(शेष पृष्ठ 7पर)

# कैसे साफ होगा मित्र पुलिस की वर्दी पर लगा स्याह दाग!

■ **मनोज श्रीवास्तव**

काशीपुर। सुखवंत के आत्मघाती कदम ने प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर से भूचाल पैदा कर दिया। वर्दी को अस्मत बचाना भारी पड़ रहा है। इस



मामले में पुलिस ने 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने आईटीआई थाना अध्यक्ष कुंदन सिंह रौतेला समेत दो उप निरीक्षक को सस्पेंड कर दिया जबकि पैगा चौकी में तैनात 10 सिपाहियों को लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर किया गया लेकिन यह तमाम कार्यवाही मृतक सुखवंत की आत्मा की शांति के लिए काफी है या फिर पीड़ित परिवार को न्याय की असल दरकार है! क्योंकि मृतक द्वारा वायरल किए गए वीडियो में उधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा पर भी उत्पीड़न और नजरअंदाजी के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। जन चर्चा है कि ऐसे में दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ दंडात्मक (शेष पृष्ठ सात पर)

### बेलगाम भू माफियाओं का आतंक बरकरार

काशीपुर ।जमीनों की खरीद फरोख्त के नाम पर क्षेत्र में की जा रही धोखाधड़ी का यह कोई पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी दर्जनों मामले प्रकाश में आ चुके हैं लेकिन धोखाधड़ी के गंभीर मामलों में पीड़ित पक्ष को कदाचित ही न्याय मिला। भू-माफियाओं का यहां आज भी पूर्व बोलबाला है। बेलगाम भू माफिया और तो और सरकारी संपत्तियों पर भी अवैध कब्जा और प्लाटिंग करने से बाज नहीं आ रहे। रजिस्ट्री कार्यालय से लेकर तहसील में भू माफिया का खासा दखल है। शहर के दर्जनों स्थानों पर भू (शेष पृष्ठ सात पर)

### सोशल मीडिया पर सवाल- ऊपर कब होगी कार्यवाही?

#### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल बोले-एसएसपी के खिलाफ भी हो कार्यवाही

**शिवांश**

रूद्रपुर। किसान सुखवंत सिंह की आत्महत्या कांड में पुलिस प्रशासन के खिलाफ लोगों की प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों तक एक ही सवाल गूंज रहा है कि जब मृतक ने अपने अंतिम वीडियो में एसएसपी दफ्तर में उपेक्षा और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया था, तो फिर जांच और कार्रवाई सिर्फ निचले स्तर के पुलिसकर्मियों पर ही क्यों सीमित की जा रही है। आईटीआई थाना प्रभारी और एक दरोगा को निलंबित करने तथा पैगा चौकी को लाइन हाजिर करने के बावजूद जनता का आक्रोश शांत नहीं हुआ है, क्योंकि लोगों का साफ तौर पर कहना है कि कार्रवाई ऊपर तक जानी चाहिए और जिन अधिकारियों पर सीधे आरोप लगे हैं उन्हें भी जांच के दायरे में लाना ही होगा। इसी बीच कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी सरकार और पुलिस प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि केवल छोटे अधिकारियों पर कार्यवाही कर मामला दबाया नहीं जा सकता, जब आरोप एसएसपी तक हैं तो जवाबदेही भी वहीं तय होनी चाहिए। इधर, धोखाधड़ी की रकम में से करीब 40 प्रतिशत राशि वापस कराई जाने की जानकारी सामने आने के बाद सवाल और गहरे हो गए हैं कि यदि पुलिस की भूमिका निष्पक्ष थी तो फिर रकम किस दबाव में (शेष पृष्ठ सात पर)

# बेलराइज कंपनी में श्रमिकों ने प्रबंधन के खिलाफ खोला मोर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित बेलराइज कारखाने के श्रमिकों ने प्रबंधन की तानाशाही और नियम विरुद्ध किए जा रहे तबादलों के विरोध में आमसभा का आयोजन किया। बेलराइज वर्कर्स यूनियन के बैनर तले एकजुट हुए श्रमिकों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि प्रबंधन ने श्रम कानूनों का उल्लंघन बंद नहीं किया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए विवश होंगे। यूनियन को कमजोर करने की साजिश का आरोप आमसभा को संबोधित करते हुए यूनियन नेता साहब सिंह व अन्य श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में यूनियन और प्रबंधन के बीच समझौते की वार्ताएं चल रही हैं। नियमत: जब वार्ता प्रक्रिया गतिमान हो, तब प्रबंधन किसी भी श्रमिक का स्थानांतरण (ट्रांसफर) नहीं कर सकता। श्रमिकों का आरोप है कि सहायक श्रम आयुक्त (।स्ब) द्वारा इस संबंध में प्रबंधन को कई बार लिखित निर्देश दिए जा चुके हैं, लेकिन कंपनी प्रबंधन इन आदेशों को ठेंगे पर रखकर लगातार स्थानांतरण कर रहा है। श्रमिकों ने कहा कि प्रबंधन



का मुख्य उद्देश्य मजदूर यूनियन को कमजोर करना और चल रही वार्ताओं को विफल कर श्रमिकों का शोषण करना है। मजदूरों ने कानूनी पक्ष रखते हुए कहा कि समझौता वार्ताओं के दौरान स्थानांतरण करना उत्तर प्रदेश औद्योगिक विवाद अधिनियम की नियमावली के नियम 4 और अधिनियम की धारा 6(ई) का खुला उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन खुलेआम श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ा रहा है। सभा में मुख्य रूप से नरेंद्र मटियाली, प्रभुनाथ, उमेश तिवारी, साहब सिंह, गोविन्द सिंह नेगी, सुनील कुमार, बृजेन्द्र मण्डल, मोहन नाथ, प्रकाश बोरा और किशन चंद सहित भारी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

# राज्यपाल ने दी लोहड़ी, मकर संक्रांति की बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल, माघ और बिहू के अवसर पर



देश और प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। संदेश में राज्यपाल ने कहा कि भारत के ये त्योहार हमारी अलग-अलग संस्कृतियों को जोड़ते हैं और हमें मिल-जुलकर रहने का संदेश देते हैं। ये पर्व जीवन में खुशी, उत्साह और नई उम्मीदें लाते हैं तथा हमें प्रकृति से जुड़े रहने की सीख भी देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता में एकता के प्रतीक ये सभी पर्व हमारी संस्कृति के वाहक हैं। विभिन्न क्षेत्रों में ये अलग-अलग रूप में मनाए जाते हैं लेकिन सबका ध्येय सामाजिक समरसता और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। राज्यपाल ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इन त्योहारों को खुशी और आपसी भाईचारे के साथ मनाएं और समाज में एकता बनाए रखें।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी लोहड़ी पर्व की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को विशेषकर पंजाबी समुदाय को 'लोहड़ी' पर्व की बधाई दी है। लोहड़ी पर्व की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व नई फसल के आगमन, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लोक पर्व हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। सभी पर्वों एवं त्यौहारों को परस्पर सहयोग एवं आपसी सद्भाव से मनाने की हमारी परम्परा रही है। यह पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि व खुशहाली लाए इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।



# डिजिटल शिक्षा आज वक्त की जरूरत: राज्यपाल

## उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 18 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिली उपाधियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के दशम दीक्षांत समारोह में सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस गरिमामय अवसर पर राज्यपाल ने कुल 18,146 विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा स्तर की उपाधियां प्रदान कीं। इसके साथ ही 6 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। युवा दिवस के अवसर पर आयोजित इस समारोह में राज्यपाल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सत्य, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों के साथ निरंतर सीखने का संदेश दिया।राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने उच्च शिक्षा को घर-घर तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय ने विभिन्न शिक्षण संस्थानों, कारागारों, सेना और आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ समझौता कर समाज के हर वर्ग को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 'क्रांतिकारी' संबोधित करते हुए आह्वान किया कि वे अपने ज्ञान को प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों तक ले जाएं ताकि शिक्षा से वंचित लोगों को लाभ मिल सके। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक विकसित भारत का जो संकल्प लिया गया है, उसे साकार करने में शिक्षण संस्थानों की भूमिका 'अमृत' के समान है। उन्होंने बताया कि इस विश्वविद्यालय में 60 से अधिक देशों के 2 लाख से अधिक शिक्षार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। साइबर सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम यहां संचालित हो रहे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला प्रदेश का प्रथम विश्वविद्यालय बनने पर संस्थान को बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पत्रिकाओं, वार्षिक कैलेंडर और हिंदी वेबसाइट का लोकार्पण भी किया गया।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर नवीन चन्द्र लोहनी ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की और शोध गतिविधियों व शिक्षण गुणवत्ता



में सुधार के प्रयासों की जानकारी दी। समारोह में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीसी मंजूनाथ, महापौर गजराज सिंह बिष्ट, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, दर्जा मंत्री रेनु अधिकारी, पूर्व सांसद महेंद्र पाल सहित विद्यापरिषद के सदस्य, विभिन्न विश्व विद्यालयों के कुलपति और भारी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कोसी नदी में मशीनों से खनन के खिलाफ मजदूरों का हल्लाबोल

रामनगर (उद संवाददाता)। कोसी नदी में उपखनिज भरान कार्य में मशीनों के कथित इस्तेमाल को लेकर विवाद गहरा गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में मजदूरों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। मजदूरों का आरोप है कि नदी में अवैध रूप से भारी मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है, जिसके कारण हजारों मैनुअल मजदूरों का रोजगार छिन गया है और उनके सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। प्रदर्शनकारी मजदूरों ने बताया कि वे हर साल उम्मीद के साथ कोसी नदी में उपखनिज निकालने और वाहनों में भरने का कार्य करने आते हैं। इसी पारंपरिक रोजगार से उनके परिवारों का पालन-पोषण होता है। मजदूरों के अनुसार, इस बार नदी में मशीनों के जरिए काम किया जा रहा है, जिससे उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है। कई मजदूरों ने बताया कि उन्होंने हजारों रुपये खर्च कर परात, बेलचे और अन्य औजार खरीदे थे, लेकिन अब काम न



मिलने के कारण वे खाली हाथ घर लौटने को मजबूर हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आरटीआई कार्यकर्ता देव बिष्ट ने कहा कि हर साल करीब 50 हजार से एक लाख मजदूर यहां काम के लिए आते हैं, लेकिन मशीनों के संचालन ने उन्हें बेरोजगार कर दिया है। इसी समस्या को लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर मशीनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। मामले में राजनीति भी गरमा गई है। कांग्रेस के पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने सरकार पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जब से खनन का कार्य बाहरी कंपनी को सौंपा गया है, तब से नियमों को ताक पर रखकर भारी मशीनें चलाई जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा की स्थिति को छोड़कर नदी में मशीनों से खुदाई करना गैरकानूनी है, लेकिन यहां नियमों के विपरीत 90-90 मीटर गहरे गड्ढे खोद दिए गए हैं, जो भविष्य के लिए बड़ा खतरा हैं। दूसरी ओर, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मशीनों के संचालन से जुड़े वीडियो उनके संज्ञान में आए हैं। उन्होंने वन विकास निगम के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और स्पष्ट किया है कि अवैध खनन को रोकने के लिए औचक छापेमारी की जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# नाटक मंचन में परिमल राय ने पुत्र संग दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह में सोमवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम ताल से ताल मिला सीजन 10 के मंच पर विवेकानंद दर्शन लघु नाटक का मंचन किया गया। जिसमें श्री रामकृष्ण परमहंस की भूमिका में रुद्रपुर के समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता परिमल राय ने अभिनय किया। वही स्वामी विवेकानंद की भूमिका उनके सुपुत्र पृथ्वीराज राय ने एवं मां काली की भूमिका में प्राची रस्तोगी ने अदा की। इस नाटक में सभी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति देकर नाटक को जीवंत कर दिया। जिस तरह का विवेकानंद बिल्कुल साक्षात भूमिका में नजर आ रहे थे वही काली माता बनी प्राची रस्तोगी की प्रस्तुति ने समा बांध दिया स रामकृष्ण परमहंस की भूमिका में परिमल राय का मेकअप साक्षात रामकृष्ण परमहंस देव लग रहे थे तथा उनके श्रेष्ठ अभिनय से पूरे पंडाल कुछ समय के लिए भक्ति भाव भक्तिमय एवं भावुक कर दिए कई दर्शकों को रोते हुए अपनी आंसू पोछते हुए देखे गए। उपस्थित दर्शकों ने एवं गणमान्य व्यक्तियों लोगों ने नाटक के सभी कलाकारों की सराहना की।



# दुबई में फंसे युवकों ने वीडियो जारी कर मांगी मदद

## एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने लिया त्वरित संज्ञान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नौकरी के नाम पर विदेश भेजने वाले एजेंटों के जाल में फंसे चार युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस प्रशासन से सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है। सोमवार को प्रसारित हुए इस वीडियो का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वीडियो में खटीमा निवासी जुगेश और लल्लन प्रसाद के साथ ही रामपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी विशाल शर्मा और रंजीत सिंह ने अपनी आपबीती सुनाई है। पीड़ितों के अनुसार, उन्हें खटीमा और रुद्रपुर के दो एजेंटों ने दुबई में 'पानी की टूटी पैकिंग' के काम का झांसा देकर भेजा था। इसके बदले एजेंटों ने उनसे मोटी रकम भी



वसूली। पीड़ितों का आरोप है कि दुबई पहुंचते ही वहां मौजूद एजेंटों ने उनके पासपोर्ट अपने कब्जे में ले लिए और उन्हें भीषण गर्मी व प्रतिकूल परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाने लगा। जब युवकों ने इसका विरोध किया, तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दी जा रही हैं। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खटीमा कोतवाली पुलिस को तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही इस संबंध में रामपुर पुलिस को भी सूचित किया गया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस पीड़ितों के परिजनों से संपर्क कर रही है और उन्हें दुबई भेजने वाले एजेंटों की पहचान की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया व्यावसायिक दुकानों का शिलान्यास

गूलरभोज (उद संवाददाता)। नगर पंचायत के वार्ड नंबर 5 में मछली, मुर्गा और पकौड़ी व्यवसाय को व्यवस्थित करने के लिए 18 दुकानों के निर्माण कार्य का शुभारंभ हो गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने 54 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इन दुकानों का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुग ने कहा कि इन दुकानों के निर्माण से क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को व्यापार करने के लिए उचित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे उनके स्वरोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस परियोजना से दोहरा लाभ होगा; एक ओर स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा, तो दूसरी ओर दुकानों से प्राप्त होने वाले किराए से नगर पंचायत की आमदनी में भी वृद्धि होगी। इस अतिरिक्त आय का उपयोग भविष्य में नगर के अन्य विकास कार्यों में किया जा सकेगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान सभासद बलराम मंडल, भूपेंद्र आर्य, गोविंद राजभर, नरेश, राजेंद्र सिंह, अजीत सरकार, मुकेश कुमार, पूनम आर्य और पूसा राजभर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



# ग्रामीणों को मिली एक ही छत के नीचे सभी सेवाएं

## विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारियां

बाजपुर (उद संवाददाता)। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत सोमवार को परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी की अध्यक्षता में बाजपुर ब्लॉक के न्याय पंचायत सरकडा के राजकीय इंटर कॉलेज बाजपुर गांव में भव्य बहुद्देशीय शिविर आयोजित हुआ।मुख्य अतिथि दर्जा मंत्री दीपक मेहरा व राजेश कुमार ने कहा कि जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए शिविर में प्राप्त शिकायतों व समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया जाये। उन्होंने अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र व्यक्तियों को शत-प्रतिशत लाभ देने के निर्देश दिए। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा मौके पर आवेदन प्राप्त पंजीकरण किया गया व अनेक पात्र लाभार्थियों को तत्काल लाभान्वित भी किया गया।शिविर में 25 विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारियां दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क जाँच कर मरीजों को द्वारा भी वितरित की गई। शिविर में 21 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिसमे से 09 शिकायतो का मौके पर ही निस्तारण किया गया।शिविर में लगभग 1718 लोगो ने लाभ लिया। शिविर में कुल 350 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण/ दवाई वितरण किया गया। शिविर में 14 एक्सरे, 10 आयुषमान कार्ड, 02 दिव्यांग प्रमाण पत्र वितरित किये गये। आयुष विभाग द्वारा 96 स्वास्थ्य परीक्षण, दवाई वितरण, होमोपैथिक द्वारा 140 स्वास्थ्य परीक्षण-दवाई वितरण, समाज कल्याण विभाग द्वारा 10 पेंशन फार्म भरवाये गये, 02 दिव्यांग बस पास जारी, 05 यूडीआइडी कार्ड जारी, 01 शादी अनुदान, 13 विधवा फार्म भरवाये गये। खाद्य पूर्ति विभाग द्वारा 19 राशन कार्ड अपडेट किये गये, श्रम विभाग द्वारा 27 ई-श्रम कार्ड, 70 लोगों को टूल किट, कम्बल, छाता वितरण, बाल विकास विभाग द्वारा कन्या गौरा व मातृ वंदन योजना के तहत 13, बाल पोषण में 15, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई 10, कृषि विभाग द्वारा किसान सम्मान निधि 20, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 10, 02 कृषकों को कृषि उपकरण वितरण किये गये। यूसीसी पंजीकरण 04, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र 17, जाति-आय, स्थाई 110, 02 हैशियत, 08 खसरा खतौनी नकल, 05 मतदाता पहचान पत्र अपडेट, लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 08, वीबी जी राम जी योजना में 08 जॉब कार्ड, ई केवाईसी 10, नये आधार कार्ड 38, आधार अपग्रेडेशन 91, विधुत विभाग द्वारा 04 शिकायतो को निस्तारण व पेयजल विभाग द्वारा 03 शिकायतो का निस्तारण किया गया। विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा 150 लोगों को कानूनी जानकारी व नि:शुक्ल पुस्तके वितरित की गयी।शिविर में सुरेन्द्र सिंह नामधारी, मोहन पाल, यशपाल, राकेश सिंह, तसुब्बुर अली, ग्राम प्रधान आयसा, नोडल अधिकारी/अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश कुमार भट्ट, भूमि संरक्षण अधिकारी कल्याण सिंह, खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।





## शिविर में दिव्यांगों और वृद्धजनों का किया गया चयन, बांटे जाएंगे सहायक उपकरण

जसपुर (उद संवाददाता)।'जन-जन की सरकार-जन-जन के द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को जीआरआईडी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और एलिम्को कानपुर के माध्यम से एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांगजनों के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने के साथ ही सहायक उपकरणों हेतु पात्र व्यक्तियों का चयन किया गया।शिविर के बारे में जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 85 दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया गया। इसके अतिरिक्त एरिड योजना के अंतर्गत 63 दिव्यांगजनों का सहायक उपकरणों के लिए परीक्षण किया गया, जबकि वयोश्री योजना के तहत 07 वृद्धजनों का सहायक उपकरणों हेतु चयन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा पात्र व्यक्तियों की शारीरिक स्थिति का आकलन किया गया ताकि उन्हें उनकी आवश्यकता के अनुसार उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें।कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन



अनिरुद्ध, खंड विकास अधिकारी असिता आनंद, एलिम्को फरीदाबाद टीम के ऑडियोलॉजिस्ट नंदन कुमार, कुनाल, सहायक समाज कल्याण अधिकारी ललिता रानी, मनीष कुमार चौहान, मीनाक्षी चौहान और नीरज कुमार सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने यह भी बताया कि आगामी 13 जनवरी को ग्राम मेघावाला में भी इसी प्रकार के शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वृद्धजनों हेतु सहायक उपकरणों के वितरण के लिए चिह्नीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

## भव्य शोभा यात्रा के साथ हरि चैतन्यपुरी का किया स्वागत

किच्छा (उद संवाददाता)। यहां बरेली रोड पर स्थित श्री कृष्ण बलदेव मंदिर में आयोजित विशाल धर्म सम्मेलन में पधारने पर श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज का सैकड़ों हरि भक्तों द्वारा पुष्प वर्षा व जयघोषों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इससे पूर्व श्री महाराज जी के स्वागत में दीनदयाल चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्री महाराज फूलमालाओं से सुसज्जित रथ पर विराजमान रहे। शोभायात्रा ढोल, बाजे के साथ धूमधाम से पुष्प वृष्टि करते हुए निकाली गई जो मुख्य मार्गों पर से होकर गुजरती हुई श्री कृष बलदेव मंदिर में सम्पन्न हुई। जहां भक्तों ने श्री महाराज का पुष्प वर्षा व आरती उतारकर स्वागत किया। आज मंदिर में अखंड मानस पाठ का शुभारम्भ किया गया जिसका समापन कल 14 जनवरी को होगा। सांय लोहड़ी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा । 14 जनवरी को प्रात: 9 बजे मानस पाठ



सम्पूर्ण होगा व 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर भजन कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व परम पूज्य श्री महाराज जी के दिव्य प्रवचन होंगे । विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर ही सत्य है। समस्त संसार मिथ्या है। परमात्मा को प्राप्त सत्पुरुष में दिखने वाले गुण भी सत् है । जैसे सद्गुण, सद्भाव, सद्विचार, सदव्यवहार व सत्यभाषण इत्यादि जिसमें यह सब है वह सत्पुरुष हैं। तथा ऐसे सत्पुरुषों, उनके विचारों या सदाचारों का संग ही सत्संग है। संग का प्रभाव अवश्य पड़ता है। अच्छा संग करो, अच्छा देखो, अच्छा बोलो, अच्छा सुनो, अच्छा विचारो। सत्संग का जीवन में प्रत्यक्ष फल सेवन करते ही दिखाई देगा। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व " श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या " की जय जयकार से गूंज उठा।



## पांच मंदिर में शाम 6.30 बजे जलेगी लोहड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा रुद्रपुर की ओर से शहर में लोहड़ी और मकर संक्रांति का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सभा ने समस्त धर्म प्रेमी जनता को इन पर्वों की बधाई देते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की है। 13 जनवरी को लोहड़ी और 14 जनवरी को मकर संक्रांति का उत्सव भव्य रूप में आयोजित होगा। आयोजन की जानकारी देते हुए सनातन धर्म सभा ने बताया कि 13 जनवरी को लोहड़ी के अवसर पर शाम 6:30 बजे नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर और श्री हरि मंदिर में लोहड़ी प्रज्वलित की जाएगी। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजन होगा और उसके पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। सभा के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें।

# महापौर ने सैकड़ों गरीब जरूरतमंदों को वितरित किये कम्बल


रुद्रपुर। युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती के पावन अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने 'नर सेवा ही नारायण सेवा' के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए निर्धन और असहायों के बीच दिन बिताया। कड़ाके की इस हाड़ कपाने वाली ठंड में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से महापौर ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में कंबल वितरण अभियान चलाया। इस दौरान सैकड़ों जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये गये। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस सेवा कार्यक्रम की शुरुआत नीलकंठ धाम से हुई, जहाँ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और नगर निगम की टीम के साथ मिलकर सैकड़ों बुजुर्गों और जरूरतमंदों को कंबल भेंट किए गए। सेवा का यह कारवां इसके पश्चात रम्पुरा स्थित नव ज्योति पब्लिक स्कूल पहुंचा, जहाँ भारी संख्या में स्थानीय निवासियों को शीत लहर से बचाव हेतु कंबल वितरित किये गये।कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि विवेकानंद मात्र एक सन्यासी नहीं, बल्कि आधुनिक भारत के निर्माता और ऊर्जा के वह पुंज थे, जिन्होंने वैश्विक पटल पर भारतीय अध्यात्म की शक्ति का लोहा मनवाया। शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन का स्मरण करते हुए महापौर ने बताया कि कैसे स्वामी जी ने शून्य पर बोलकर पूरी दुनिया को भारत की अनंत ज्ञान परंपरा से परिचित कराया था। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन संघर्ष, अनुशासन और आत्मविश्वास की एक जीवंत पाठशाला है। 'उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए' का मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना वह दशकों पहले था।महापौर ने कहा कि आज के आधुनिक दौर में हमारी सनातन संस्कृति और धर्म ही वह आधार हैं, जो समाज को जोड़े रख सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारी संस्कृति लाखों वर्ष पुरानी है और इसे जीवंत रखना हर नागरिक का नैतिक दायित्व है। धर्म के बिना जीवन दिशाहीन है, और विवेकानंद जी ने हमें यही सिखाया कि धर्म केवल कर्मकांड तक ही सीमित नहीं, बल्कि दरिद्र नारायण की सेवा है। युवाओं से विशेष आह्वान करते हुए उन्होंने नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने और अपनी ऊर्जा को 'विकसित भारत' के संकल्प में लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि युवा विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलें, तो भारत को पुन: विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। महापौर ने आश्वस्त किया कि निगम केवल बुनियादी ढांचा सुधारने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सेवाभावी संस्था के रूप में गरीबों के कल्याण के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के लोक कल्याणकारी अभियान जारी रहेंगे।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश कोली, महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रश्मि रस्तौगी, भाजपा जिला महामंत्री तरूण दत्ता, अर्चना राय, मण्डल अध्यक्ष मुकेश पाल, मण्डल महामंत्री, जितेन्द्र संधू, विजय तोमर, मोर सिंह यादव, शिव कुमार राय, नमिता राय, शंकर कोली, सोनू कोली, सहित कई कार्यकर्ता मजौजूद रहै।




समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी
एवं
मकर संक्रान्ति
(उत्तरायणी पर्व)
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
विकास शर्मा
महापौर
नगर निगम रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं
मकर संक्राति की हार्दिक बधाई
अजय तिवारी
अध्यक्ष, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधमसिंहनगर
एवं पूर्व प्रत्याशी किच्छा विधानसभा क्षेत्र


समस्त क्षेत्रवासियों
को लोहड़ी एवं
मकर संक्राति
की हार्दिक बधाई
राजकुमार ठुकराल
पूर्व विधायक
रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र
संजय ठुकराल
समाजसेवी


समस्त प्रदेशवासियों
को लोहड़ी
पर्व की
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा


समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई
Happy Lohri
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
एवं कुमाऊ मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई
वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर


की लोहड़ी एवं
मकर संक्रति की
हार्दिक शुभकामनाएँ
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834


समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई
ओम बापू
मशीनरी स्टोर
विशाल गुम्बर


BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Managing Director
Kichha By Pass Road, Rudrapur Ph.: 05944-244155, Mob.: 9917262000, 9639306033


समस्त क्षेत्रवासियों को
लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति
की हार्दिक बधाई
Happy Lohri
चन्द्रकेश यादव
तिरुपति कन्वेसिंग एजेन्ट
गल्ला मण्डी, रुद्रपुर (ऊ०सिं०नगर) मो० 9412089030
तिरुपति पैडी प्रोडक्ट्स


लोहड़ी एवं मकर संक्रान्ति
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता- धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर
स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19/20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी एवं
मकर संक्रान्ति की हार्दिक बधाई
Happy Lohri
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री साईं कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# ईरान में विरोध प्रदर्शन

ईरान की सड़कों पर फिर से सत्ता विरोधी हुंकार सुनाई देने लगी है। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं। हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले दो सप्ताह के दौरान हिंसक झड़पों में अब तक पांच सौ से अधिक लोगों की मौत हो जाने और दस हजार से ज्यादा लोगों को हिरासत में लेने का दावा किया जा रहा है।इसी बीच ईरान का अमेरिका और इजराइल के साथ तनाव भी बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने तो यह चेतावनी भी दे डाली है कि अगर प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग किया गया, तो वह ईरान पर हमले की कार्रवाई करेगा। सवाल है कि आखिर ईरान में लोगों का शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ सड़कों पर उतरने का कारण क्या है? विरोध प्रदर्शन का झंडा बुलंद करने वालों को कहना है कि लोग देश की आर्थिक बदहाली और बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं। वहीं, ईरान सरकार का आरोप है कि यह सब अमेरिका के इशारे पर हो रहा है, ताकि उनके देश को अस्थिर किया जा सके। इस मुल्क में ऐसे ही विरोध प्रदर्शन वर्ष 2022 में भी देखे गए थे, जब महसा अमीनी नामक एक महिला की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। महसा पर आरोप था कि उसने हिजाब के कानून को नहीं माना, जिस कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। इस घटना के बाद देश भर में महिलाएं सड़कों पर उतर आई थीं। इस बार भले ही मुद्दा अलग है, लेकिन विरोध प्रदर्शनों में पहले की तरह महिलाएं बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। तनाव बढ़ने के बाद कई शहरों में इंटरनेट पर पाबंदी लगा दी गई है, सड़कों पर सुरक्षाबल मोर्चा संभाले हुए हैं और इस दौरान हिंसक झड़पें भी हो रही हैं। इसी बीच सोमवार को सरकार समर्थक भी सड़कों पर उतर आए, जिससे हालात और बिगडने की आशंका है। ऐसे में ईरान सरकार को चाहिए कि अंदरूनी मसलों को सुलझाने के लिए सुरक्षा बलों की ताकत का सहारा लेने के बजाय शांतिपूर्ण तरीके से समाधान के रास्ते तलाशे जाएं। दूसरी ओर ईरान में विरोध प्रदर्शनों को वहां के सर्वोच्च धार्मिक नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सत्ता से हटाने की कोशिशों से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। इसके पीछे अमेरिका और इजराइल का हाथ होने की आंशका इसलिए जोर पकड़ रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल में जारी एक बयान में कहा है कि ईरान की जनता आजादी चाहती है, जो उसने पहले कभी महसूस नहीं की। साथ ही प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग करने पर कार्रवाई की धमकी भी दी है। इस पर ईरान ने भी चेतावनी दी है कि अगर हमला हुआ, तो अमेरिका के ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। हालांकि दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच फिलहाल राहत की बात यह कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि ईरान वर्तमान हालात को लेकर बातचीत के लिए तैयार हो गया है। अब देखना होगा कि क्या ईरान कोई ऐसा रास्ता निकाल पाता है, जिससे विरोध प्रदर्शन खत्म हो जाएं और मौजूदा संकट भी टल जाए?

# परिजनों की स्मृति में गोल्डी ने दिए तीन गोल्ड मेडल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता, जीएसटी प्रभारी, लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी की ओर से परिजनों की स्मृति में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में तीन स्वर्ण पदक प्रायोजित किए गए । जिसमें पहला स्वर्ण पदक लाला देवकीनंदन नंदकिशोर एजेंसीज स्मृति स्वर्ण पदक प्रेरणा भट्ट को महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बताया कि उनके द्वारा तीन स्वर्ण पदक प्रतिवर्ष अपने माता-पिता एवं बाबा दादी की स्मृति में दिए गए हैं। जबकि श्रीमती शीला देवी धर्मपत्नी लाला ओमप्रकाश स्मृति स्वर्ण पदक प्रवेश कुमार को महामहिम राज्यपाल द्वारा दिया गया



,इसी क्रम में डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल की दादी एवं बाबा श्रीमती भगवती देवी धर्मपत्नी लाला नंदकिशोर स्मृति स्वर्ण पदक अंकिता नेगी को एमकॉम में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रदान किया गया । विदित है डॉ गोल्डी स्वयं भी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल से बी कॉम एवं एमकॉम में स्वर्ण पदक प्राप्त विद्यार्थी रहे हैं ।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सुख शांति नगर में चलाया गया जागरूकता अभियान

गुलरभोज (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के आदेशानुसार सुख शांति नगर में राष्ट्रीय युवा दिवस और स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राधिकरण के आदेश के अनुपालन में आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को उनके अधिकारों और स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन के बारे में जागरूक किया गया।सवेरे 10:30 से 11:30 बजे तक चले इस कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता राकेश कुमार सुखीजा ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने ग्रामीणों को विधिक जानकारियों



के साथ-साथ स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राविधिक कार्यकर्ताओं (पीएलवी) कुंवर सिंह, मीना, सोनामती घोष और कुमारी दीपा ने भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी साझा की।इस जागरूकता शिविर में क्षेत्र के 58 ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान वक्ताओं ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

# आवास योजना के 177 लाभार्थियों को प्रथम किस्त व प्रमाण-पत्र वितरित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) -2.0 के 'लाभार्थी आधारित घटक' के तहत प्रथम चरण में जनपद नैनीताल के तहत भारत सरकार द्वारा जनपद नैनीताल के तहत नगर निगम, हल्द्वानी के 177 लाभार्थियों की डी. पी.आर. स्वीकृत की जा चुकी है। नगर निगम सभागार में महापौर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में लाभार्थियों के साथ एक ओरियंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। । जिसमें लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के साथ ही धनराशि अवमुक्त के साथ द्विपक्षीय अनुबन्ध सम्पादित किया गया।। इस दौरान गजराज सिंह बिष्ट महापौर द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उन्होंने बताया प्रधानमंत्री ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर वर्ष 2022 तक सभी के लिए आवास की परिकल्पना के साथ वर्ष 2014 में 'सबके लिए आवास' -2022 मिशन का प्रारम्भ किया। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य शहरी आवासहीन परिवारों को योजना के विभिन्न घटकों के माध्यम से आवास मुहह्या कराना है।



# महिलाओं पर टिप्पणी के खिलाफ देर रात तक थाने में हंगामा

## पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी धरने पर बैठे,प्रदेश अध्यक्ष ज्योति ने की साहू की गिरफ्तारी की मांग

देहरादून (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू द्वारा बिहार की महिलाओं पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस बयान के विरोध में महिला कांग्रेस का डालनवाला थाने में देर रात तक हंगामा चलता रहा। कार्यकर्ताओं ने साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता डालनवाला थाने पहुंचीं और नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस द्वारा जांच और कार्रवाई के आश्वासन के बावजूद कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं हुईं और थाना परिसर में ही धरने पर बैठ गईं। तनाव बढ़ता देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को वैन के जरिए पुलिस लाइन भेजा, लेकिन कार्यकर्ता वहां से फिर वापस थाने पहुंच गईं। पुलिस ने दोबारा उन्हें हटाकर ऋषिकेश छोड़ा, मगर कार्यकर्ता वहां से भी लौटकर डालनवाला थाने आ डटीं। शाम को पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ



कांग्रेस नेता हरीश रावत भी कार्यकर्ताओं का समर्थन करने थाने पहुंचे और उनके साथ धरने पर बैठ गए। रात गहराने पर कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में ही अलाव जलाकर डेरा डाल लिया। महिला कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक गिरधारी लाल साहू के खिलाफ ठोस कानूनी कार्रवाई नहीं होती, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी और स्थिति पर नजर बनाए रखी। दरअसल हाल ही में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के पति गिरधारी लाल साहू का एक वीडियो सामने आया । इस वीडियो में गिरधारी लाल साहू ने बिहारी की महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों को प्रयोग किया था। गिरधारी लाल साहू ने कहा था कि शादी के लिए बिहार से लड़कियां 20 से 25 हजार रुपए में मिल जाती है। गिरधारी लाल साहू के इस बयान की वजह से उनकी पत्नी कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या की काफी किरकरी हुई थी। इस मामले को लेकर कांग्रेस ने कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या के साथ बीजेपी सरकार के भी घेरा था। हालांकि बाद में गिरधारी लाल साहू ने अपने उस बयान पर मांफी भी मांगी थी, लेकिन कांग्रेस ने गिरधारी लाल साहू के इस बयान को महिलाओं का अपमान बताया था और उन पर मुकदमा दर्ज करने की मांग भी थी। अभी तक गिरधारी लाल साहू के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ, जिसके बाद सोमवार को फिर से कांग्रेस ने हंगामा किया और सरकार व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की।

# मुख्यमंत्री धामी से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत बातचीत हुई।बैठक के दौरान मुख्यमंत्री



और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने उत्तराखंड में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं और राज्य के चहुंमुखी विकास से संबंधित समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा की। इस दौरान आपसी समन्वय के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने अनुराग सिंह ठाकुर का स्वागत करते हुए राज्य की प्रगति के रोडमैप पर चर्चा की।

# सौरभ बहुगुणा और विजय बहुगुणा ने किया बंग भवन का भव्य लोकार्पण

## 1.52 करोड़ की लागत से निर्मित भवन का नाम होगा स्वामी विवेकानंद के नाम, परिसर में स्थापित होगी प्रतिमा

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। शक्तिफार्म क्षेत्र के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने 1.52 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित बंग भवन का भव्य लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र उत्सव के माहौल में डूबा नजर आया और दोनों नेताओं का ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और पारंपरिक बंगाली रीति-रिवाज के साथ जोरदार स्वागत किया गया। लोकार्पण समारोह के बाद विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें बंगाली कला और परंपरा की अद्भुत झलक देखने को मिली।जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि यह बंग भवन मात्र एक इमारत नहीं बल्कि बंगाली समाज की सांस्कृतिक



पहचान और सामाजिक एकता का सशक्त केंद्र बनेगा। उन्होंने घोषणा की कि नवनिर्मित बंग भवन का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखने के लिए शासन स्तर पर वार्ता की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने विधायक निधि से परिसर में स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा स्थापित करने और क्षेत्र में शीघ्र बाईपास निर्माण की स्वीकृति दिलाने का आश्वासन भी दिया। पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश सुरक्षित हाथों में है और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने जनता को भ्रम फैलाने वाले तत्वों से सतर्क रहने का भी आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल ने नगर पंचायत की ओर से परिसर में स्वामी विवेकानंद द्वार निर्माण की घोषणा की और पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान दिवंगत पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुकांत ब्रह्म को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी गई। राजनगर में प्रस्तावित दुग्ध संयंत्र को लेकर सौरभ बहुगुणा ने स्पष्ट किया कि जनभावनाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा और किसी भी न्यायालयी विवाद वाली भूमि पर उद्योग स्थापित नहीं होगा।बंगाली समुदाय की इस बड़ी सौगात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अजय जायसवाल और समर्थकों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को लड्डुओं से तौला। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, ब्लॉक प्रमुख उपकार सिंह बल, मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार, ईश्वरी प्रसाद गंगवार, योगेंद्र रावत, प्रभा रावत, कृष्णपद मण्डल, संजय बाछाड़, तारक मण्डल, अनिमा हाल्दार, गोपाल सरकार, रविंद्र खान, सुनील विश्वास, अशोक मण्डल, शिखा हाल्दार, कार्तिक राय, देबू मण्डल, मयंक अग्रवाल, सव्यसाची हाल्दार, प्रताप दत्ता, सुमंत विश्वास, किशोर राय, रमेश राय, गुड्डू सिंह, रविन्द्र अग्रवाल, कृपा सिंधु हीरा, नरेश साना, पवित्र बावली, दिनेश दास, देवशीष पोद्दार, गोविन्द पोखरिया, सुवीर सरकार, परेश मण्डल, विधान मजूमदार, आनंद सरकार, विश्वजीत हालदार, बलराम पोद्दार, सुनीता सरकार, नेहा सरकार और पुष्पा राय सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।











# पर्यावरण मित्रों को निःशुल्क आवास देगा रूद्रपुर नगर निगम

## महापौर ने की एक एकड़ भूमि पर वाल्मीकि कालोनी बनाने की घोषणा

रूद्रपुर। शहर की स्वच्छता के प्रहरियों (पर्यावरण मित्रों) के वर्षों पुराने आवासीय सपने को साकार करते हुए महापौर विकास शर्मा ने सोमवार को एक बड़ी और ऐतिहासिक घोषणा की। खेड़ा क्षेत्र में ईदगाह कमेटी से कब्जा मुक्त कराई गई 8 एकड़ सरकारी भूमि में से 1 एकड़ भूमि पर अब 'वाल्मीकि कॉलोनी' का निर्माण किया जाएगा। इस घोषणा के साथ ही रूद्रपुर, प्रदेश का ऐसा पहला नगर निगम बन गया है जो अपने पर्यावरण मित्रों के लिए समर्पित आवासीय परिसर बनाने जा रहा है। इस ऐतिहासिक घोषणा से पर्यावरण मित्रों में खुशी की लहर है। उन्होंने महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे जा जोरदार अभिनंदन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। बता दें पर्यावरण मित्र पिछले कई वर्षों से आवासीय कालोनी बनाये जाने की मांग कर रहे थे। महापौर ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को पर्यावरण मित्रों के सपने के साकार करने के लिए बड़ा और ऐतिहासिक ऐलान किया। महापौर ने नगर निगम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि खेड़ा बस्ती में बीते कई दशकों से ईदगाह की आड़ में आठ एकड़ सरकारी भूमि कब्जाई गई थी, जिसे नगर निगम ने पिछले दिनों कब्जे में ले लिया है। इस आठ एकड़ भूमि में से 1 एकड़ भूमि पर





नगर निगम के पर्यावरण मित्रों के लिए सरकारी आवास बनाये जायेंगे। ये आवास पर्यावरण मित्रों को निःशुल्क प्रदान किये जायेंगे। बची हुई भूमि पर बालिकाओं के लिए इंटर कालेज के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया जा जायेगा। महापौर ने कहा कि वाल्मीकि कालोनी के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और शहरी विकास सचिव ने भी स्वीकृति दे दी है। उन्होंने कहा पर्यावरण मित्र नगर निगम के अभिन्न अंग हैं। उनकी वर्षों पुरानी मांग को पूरा करना मेरी प्राथमिकता थी। जल्द ही कॉलोनी की डीपीआर तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।इस दौरान तुष्टिकरण की राजनीति पर महापौर का कड़ा प्रहार करते हुए महापौर विकास शर्मा ने विपक्षियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने दो टूक कहा कि नगर निगम ने ईदगाह की जमीन नहीं, बल्कि उसकी आड़ में कब्जाई गई सरकारी जमीन को मुक्त कराया है। उन्होंने स्पष्ट किया अतिक्रमणकारी का कोई धर्म नहीं होता। हमने निष्पक्षता से कार्रवाई की है। जहाँ एक ओर खेड़ा में जमीन खाली कराई गई, वहीं शहर में तीन स्थानों पर मंदिरों की आड़ में किए गए कब्जों को भी हटाया गया। जो लोग इसे राजनैतिक चश्मे से देख रहे हैं, वे समाज को गुमराह कर रहे हैं। महापौर ने कहा कि दुष्प्रचार की राजनीति करने वालों से वह डरने वाले नहीं है। अतिक्रमणकारी चाहे कोई भी उसे बख्शा नहीं जायेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे ने कहा कि पर्यावरण मित्रों की वर्षों पुरानी मांग को देखते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर शहरी विकास सचिव ने सहमति दे दी है और पूरी मदद का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। डीपीआर बनने के बाद निर्माण जल्द ही शुरू किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के नगर निगमों में पर्यावरण मित्रों के लिए बनने वाली यह पहली कालोनी होगी। महापौर द्वारा वाल्मीकि कालोनी निर्माण की घोषणा पर पर्यावरण मित्रों सहित वाल्मीकि समाज के तमाम लोगों ने महापौर विकास शर्मा और नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे का फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें भगवान वाल्मीकि की प्रतिमा और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नगर आयुक्त श्रीमती शिप्रा जोशी पांडे जी, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती राजू नबियाल जी, पार्षद पवन राणा, पार्षद गिरीश पाल, पार्षद प्रतिनिधि राधे शर्मा , सफाई यूनियन अध्यक्ष सोनू मुलतानी , महामंत्री अंकित, सफाई यूनियन पूर्व अध्यक्ष मुकेश राजौरिया, मनोज वाल्मीकि राजू पहलवान,राजपाल, सुनील गुरुजी, बंटी, अजय, नन्हा, रोहित, अमित, धीरज, भीम, रवि, सुरेंद्र, राहुल राजौरिया, कीर्ता देवी , विमला, सरोज बिजया, सुमन, दुलारी,भाजपा नेता दिलीप अधिकारी, वरिष्ठ नेता सुरेश कोली,जिला मीडिया प्रभारी विजय तोमर, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल मंडल महामंत्री जितेंद्र संधू आदि सैकड़ों की संख्या में नगर निगम पर्यावरण मित्र व कर्मचारी गण उपस्थित रहे







# खेल महाकुंभ में लालकुआं और काशीपुर ने मारी बाजी

## 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर में संपन्न हुई सांसद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, विजेताओं को मिले पुरस्कार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित खेल महाकुंभ 2025 के अंतर्गत मुख्यमंत्री चैम्पियनशिप ट्रॉफी के लिए सांसद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। 31वीं वाहिनी पीएसी रुद्रपुर के मैदान में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपना उत्कृष्ट कौशल दिखाया। इस प्रतियोगिता में नैनीताल-ऊधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र की 14 विधानसभाओं के अंडर-14 और अंडर-19 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के समापन और पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य विकास अधिकारी ऊधम सिंह नगर दिवेष शाषनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत करते हुए खिलाड़ियों को खेल के नियमों का पालन करने और वास्तविक क्रीड़ा भावना व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने खेल महाकुंभ की गाइडलाइन और प्रतियोगिताओं के विवरण की जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित अतिथियों का स्वागत बैच और टोपी पहनाकर किया गया।फुटबॉल मुकाबलों के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया गया कि अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मैच में लालकुआं विधानसभा ने रुद्रपुर को 2-0 से शिकस्त देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। रुद्रपुर की टीम दूसरे और सितारगंज तीसरे स्थान पर रही। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में काशीपुर विधानसभा का दबदबा रहा। काशीपुर ने गदरपुर को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया, जबकि गदरपुर द्वितीय और खटीमा तृतीय स्थान पर रहा। मैचों में रेफरी की भूमिका दिनेश सिंह, खेल समन्वयक इंस्पेक्टर योगेंद्र देव, एसआई होशियार बोहरा और हेड कांस्टेबल कमल सिंह ने निभाई।मंच का संचालन हरीश दनाई और धीरज पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष नागेन्द्र शर्मा, गिरीश जोशी, भूपेश पाण्डे, राकेश मेहरा, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी यशवंत कुमार, नवीन चन्द्र, अमित कुमार, हनुमान सिंह भंडारी, नंद किशोर जोशी, राजेंद्र लाल वर्मा सहित भारी संख्या में विभाग के कर्मचारी और पीआरडी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अंत में जिला युवा कल्याण अधिकारी भूपेंद्र सिंह रावत ने सभी खेल प्रेमियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।






# स्वदेशी संकल्प दौड़ में उमड़े युवा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रुद्रपुर डिग्री कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती के अवसर पर युवामोर्चा द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण और श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करना, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे युवामोर्चा जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलौत बिट्टू चौहान ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज भी युवाओं के लिए सबसे बड़े प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वदेशी अपनाकर ही आत्मनिर्भर और सशक्त भारत का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं ताकि युवा पीढ़ी को राष्ट्रसेवा के प्रति जागरूक किया जा सके। इस संकल्प दौड़ में सैकड़ों युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री तरुण दत्ता, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा रश्मि रस्तोगी, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेन्द्र मिश्रा, जिला सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलौत सहित रोहित भट्ट, रचित, के.के. त्रिपाठी, नवजोत, जितेन्द्र, नमन, अभिषेक, रवि, विशाल, मनीष, हर्ष, उमेश, रोहित, जसवंत और बड़ी संख्या में युवा शक्ति मौजूद रही। कार्यक्रम के समापन पर सभी युवाओं ने स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का सामूहिक संकल्प लिया। आयोजन का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओर नवनियुक्त जिला निवासी मोर्चे के प्रदेश पदाधिकारीयो का भाजपा जिला कुमाऊं सम्भाग कार्यालय में प्रताप बिष्ट जिला अध्यक्ष भाजपा द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया। अतिथि के रूप में नगर निगम मेयर गजराज सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। नवनियुक्त पदाधिकारीयो में जिला अध्यक्ष रविन्द्र बाली आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कुंवर, प्रदेश मंत्री दीपा भारती, प्रदेश प्रवक्ता आशा रानी, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह का माल्यार्पण व पट्का पहनाकर स्वागत किया गया। प्रताप बिष्ट ओर गजराज बिष्ट ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला अध्यक्ष रविंद्र बाली ने कहा अनुसूचित बाहुल्य क्षेत्र में छोटी-छोटी बैठके कर जो वहां के प्रमुख लोग होंगे उनसे संपर्क करके उनको अपने साथ जोड़कर पार्टी को मजबूत किया जाएगा। जिससे 2027 में होने वाले चुनाव में अनुसूचित समाज का एक बड़ा योगदान रहेगा। संचालन वीरेंद्र कुमार जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा ने किया। कार्यक्रम संयोजक दिनेश सागर मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा रहे। स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष भाजपा मधुकर श्रोत्रिय, सोनी टम्टा, अरविंद कुमार, केशव राम, जीवनलाल, मनोज पवार, संतोष कुमार, आनंद राम, जानकी प्रसाद, नंदकिशोर, श्याम भारती, ईश्वरी राम, अजय राज, जीवन आर्य, बसंत आर्य, नकुल कुमार, मोहन पाठक, हीरालाल साहू, बॉबी आर्य, अक्षय कुमार, अजय कुमार गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, मृदुल मनराल, पुष्पा भट्ट, ज्योति सक्सेना, दिनेश बोरा, मदन रावत, सोनू शर्मा, गोविंद ताकुली, नकुल कुमार, मोहन पाठक, तरन्नुम खान, दीपा आर्य, विजय मंडल, प्रताप रैकवार आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

